संख्या- 109 /2025/1186/26-3-2025-1423795

प्रेषक,

रजनी कान्त पाण्डेय
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन

सेवामें,

निदेशक,
समाज कल्याण,
उ0प्र0, लखनऊ

समाज कल्याण अनुभाग-3 **लखनऊः दिनांकः 15 मई 2025**

विषयः-नव निर्मित/निर्माणाधीन जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय- बाटी मथुरा, प्रतापपुर चर्मुखा-अम्बेडकरनगर, वनटांगिया सिसवां मनकापुर-गोण्डा तथा सदर-महराजगंज में साज-सज्जा/फर्नीचर की व्यवस्था कराये जाने हेतु वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रबंध निदेशक, यू0पी0 सिडको, लखनऊ के पत्र संख्या-282/6-3(68)/स0क0-आ0प0वि0-सामान्य/2025, दिनांक 11-04-2025 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय-बाटी मथुरा, प्रतापपुर चर्मुखा-अम्बेडकरनगर, वनटांगिया सिसवां मनकापुर-गोण्डा तथा सदर-महराजगंज में साज-सज्जा /फर्नीचर की व्यवस्था कराये जाने हेतु धनराशि की वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने निदेश हुआ है कि जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय-बाटी मथुरा, प्रतापपुर चर्मुखा-अम्बेडकरनगर, वनटांगिया सिसवां मनकापुर-गोण्डा तथा सदर-महराजगंज में साज-सज्जा /फर्नीचर की व्यवस्था कराये जाने हेतु निम्न विवरणानुसार कुल रू0 281.76 लाख (रूपये दो करोड़ इक्यासी लाख छिहत्तर हजार मात्र) की धनराशि की वित्तीय स्वीकृति निर्गत श्री राज्यपाल निम्नवत् शर्तों के अधीन प्रदान करते हैं:-

(धनराशि लाख में)

क्र0सं0	विद्यालय का नाम	स्वीकृत लागत में फर्नीचर हेतु प्राविधानित धनराशि	टी0एस0 आगणन में प्राविधानित	मानक लागत के अनुसार वांछित धनराशि	मानक के अनुरूप फर्नीचर आपूर्ति हेतु निर्गत धनराशि
1	2	3	4	5	6
1	जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, बाटी-मथुरा	92.28	92.28	166.00	73.72
2	जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, प्रतापपुर चर्मुखा-अम्बेडकरनगर	125.00	75.00	166.00	91.00
3	जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, वनटांगिया सिसवां-मनकापुर-गोण्डा	125.00	124.94	166.00	41.04
4	जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, सदर-महराजगंज	125.00	90.00	166.00	76.00
	योग-	**467.28**	**382.22**	**664.00**	**281.76**

(1)- निदेशक,समाज कल्याण द्वारा कार्यदायी संस्था यू0पी0 सिडको, लखनऊ से तत्काल अनुबंध निष्पादित किया जायेगा।

(2)- समस्त कार्यवाही जेम पोर्टल के माध्यम से की जायेगी।

(3)- इस सम्बन्ध में वित्त विभाग के सुसंगत शासनादेशों/क्रय सम्बन्धी शासनादेशों की व्यवस्था के अनुसार सामग्री का क्रय करते हुए वितरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

(4)- आपूर्ति की गयी सामग्री की गुणवत्ता का पूर्ण उत्तरदायित्व कार्यदायी संस्था का होगा।

(5)- निदेशक, समाज कल्याण यह सुनिश्चित करेंगे कि उक्त स्वीकृति के सापेक्ष कार्यदायी संस्था द्वारा उपलब्ध कराये गये इस्टीमेट के क्रम में आवश्यक धनराशि का ही व्यय किया जाये।

(6)- स्वीकृत की जा रही धनराशि के सापेक्ष व्यय हेतु वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025 दिनाँक 27-03-2025 में दिये गये दिशा-निर्देशों एवं प्राविधानों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

(7) वित्तीय स्वीकृतियों के सापेक्ष व्यय की नियमित संवीक्षा अपने स्तर पर किये जाने की व्यवस्था करें।

(8) बाटआउटस आइटम्स की श्रेणी से आच्छादित कार्यों हेतु कार्यदायी संस्था को कोई भी सेन्टेज चार्ज देय नहीं होगा।

(9) यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जायेगा कि कार्यों की गुणवत्ता उच्च कोटि की हो तथा निदेशक, समाज कल्याण विभाग द्वारा सुनिश्चित कराया जाय। स्वीकृत धनराशि कोषागार से आहरित कर आहरण के बाउचर संख्या एवं तिथि की सूचना शासन एवं महालेखाकार, प्रयागराज को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

(10) यह सुनिश्चित किया जायेगा कि उपरोक्तांकित स्वीकृत योजनान्तर्गत कार्यों हेतु किसी अन्य स्रोतों से धनराशि प्राप्त न की गयी हो। यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि इस योजना की वर्तमान तथा भविष्य में अन्य योजनाओं में द्विरावृत्ति/पुनरावृत्ति न हो और इसके रख-रखाव हेतु राज्य सरकार के ऊपर व्यय-भार न पड़े। कार्यदायी संस्था से कार्य की समाप्ति के पश्चात सम्प्रेक्षित लेखे अनिवार्य रूप से प्राप्त कर शासन को उपलब्ध कराया जाय।

3- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय रूपये-281.76 लाख (रूपये दो करोड़ इक्यासी लाख छिहत्तर हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 20252026 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 083 लेखाशीर्षक 4225017890700 राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय मानक मद 26 मशीने और साज-सज्जा/उपकरण और संयंत्र मद के नामे डाला जायेगा।

Digitally signed by RAJANI KANT PANDEY
Date: 14-05-2025 17:43:54

भवदीय,

(रजनी कान्त पाण्डेय)
उप सचिव

पृ0सं0 एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार,(लेखा एवं हकदारी)प्रथम एवं द्वितीय उ0प्र0, प्रयागराज।
2- महालेखाकार,(लेखा परीक्षा)प्रथम एंव द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3- निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, उ0प्र0 लखनऊ।
5- जिलाधिकारी, मथुरा, अम्बेडकरनगर, गोण्डा तथा महराजगंज।
6- जिला समाज कल्याण अधिकारी, मथुरा, अम्बेडकरनगर, गोण्डा तथा महराजगंज।
7- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-4, उ0प्र0 शासन।
8- वित्त नियंत्रक, निदेशालय, समाज कल्याण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
9- प्रबंध निदेशक, यू0पी0 सिडको लखनऊ।
10- निदेशक, एन0आई0सी0।
11- गार्डफाइल

(रजनी कान्त पाण्डेय)
उप सचिव